दिनांक 26 मार्च 2021
स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

आज 80 स्ट्रीट वेंडर्स का हुआ कोरोना जांच , निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने लिया जायजा , कहा अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स की हो कोविड जांच

-शनिवार को वार्ड 23 रोजगार कार्यालय के पीछे स्थित गणेश मंच में होगा स्ट्रीट वेंडर्स का कोरोना जांच

भिलाईनगर / भिलाई निगम क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिये प्रत्येक जोन में कैंप लगाया जा रहा है। कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डाॅ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पाॅवर हाउस में पहुंचकर दुकानदारों से कोविड जांच करा रहे है या नहीं इसके बारे में जानकारी ली थी। आज निगम आयुक्त श्री रघुवंशी ने पावर हाउस मार्केट एवं कैंप क्षेत्र का निरीक्षण कर स्ट्रीट वेंडर्स के द्वारा कराये जा रहे कोविड जांच का फीडबैक लिया। उन्होंने जोन आयुक्त प्रीति सिंह को निर्देश दिए कि मदर टेरेसा नगर के सभी स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच की जानी है , एक स्थान पर यह पुख्ता होने के बाद कि उस क्षेत्र के समस्त स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच की जा चुकी है। दूसरे क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच के लिये उनके नजदीकी स्थल में कैंप लगावे। कैंप लगाने से पूर्व सभी स्ट्रीट वेंडर्स जैसे पान ठेला, फल ठेला, चाय दुकान इत्यादि के दुकान संचालक को स्थल की पूर्व सूचना देवे। आयुक्त ने स्ट्रीट वेंडर्स की संख्या सस्ता फल मार्केट एवं नंदनी रोड के पास अधिक होने पर दिन शनिवार को इसके नजदीकी स्थल रोजगार कार्यालय के पीछे स्थित गणेश मंच वार्ड 23 में कैंप लगाने के निर्देश दिये है। निगम प्रशासन की अपील है कि सस्ता फल मार्केट के समीप के एवं आसपास के स्ट्रीट वेंडर्स शनिवार को गणेश मंच के पास पहुंचकर अपना कोविड जांच करावे। उल्लेखनीय है कि दुकानदार , क्रेता के सीधे संपर्क में रहते है। एक दुकानदार संक्रमित होने पर कई लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा होता है। जिसकी रोकथाम के लिये स्ट्रीट वेंडर्स की कोविड जांच की जा रही है ताकि कोरोना पाॅजीटीव दुकान संचालक का पता चल सके और इसका समय रहते ईलाज हो सके तथा दूसरों में संक्रमण फैलने से रोका जा सके।

संलग्न-फोटो

जनसम्पर्क अधिकारी